प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

चर्चा में क्यों?

3 अप्रैल, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन'(आरएसपीडीएम) के अंतर्गत प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास (बहुवर्षीय चारा फसल) की प्रदर्शनी लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन के अंतर्गत हाइब्रिड नेपियर घास की प्रदर्शनी प्रत्येक ग्राम पंचायत में 0.2 हेक्टेयर भूमि में प्रगतिशील किसानों, विभाग के फार्म, कृषि प्रशिक्षण केंद्र (एटीसी) एवं प्रमुख गौशालाओं में लागाई जाएगी। इसके लिये 'कृषक कल्याण कोष'से 23 करोड़ रुपए व्यय किये जाएंगे।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्धता से कार्य करने हेतु उनके हित में अनेक महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं तथा कृषि क्षेत्र में कई नवाचार हुए हैं। अशोक गहलोत द्वारा 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई।
- विदित है कि हाइब्रिड नेपियर घास एक बहुवर्षीय चारा फसल है। इसे हर प्रकार की जलवायु एवं मिट्टी में उगाया जा सकता है। किसानों और पशु पालकों के लिये यह एक बेहतर पशु चारा विकल्प है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hybrid-napier-grass-in-all-gram-panchayats-exhibition-of-the-state